निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे - 05
टेलि -020 :25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार- 495

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

## प्रेस विज्ञप्ति

# महाराष्ट्र राज्य की 151वीं तिमाही एसएलबीसी बैठक में वित्तीय वर्ष-2021-22 के लिए राज्य वार्षिक ऋण योजना का शुभारंभ

**पुणे, 4 जून, 2021:** श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा अध्यक्ष, एसएलबीसी, महाराष्ट्र राज्य की अध्यक्षता में 151वीं तिमाही एसएलबीसी बैठक दिनांक 03.06.2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए फसल ऋण संवितरण के अंतर्गत प्रगति पर चर्चा, केंद्र और राज्य सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए वार्षिक ऋण योजना का शुभारंभ किया गया।

श्री उद्धव ठाकरे, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र राज्य बैठक के मुख्य अतिथि थे और उन्होंने राज्य सरकार की ओर से एसएलबीसी फोरम को संबोधित किया। उन्होंने सदस्य बैंकों को कृषि क्षेत्र के अंतर्गत ऋण संवितरण में सुधार करने और एसएचजी सहित सरकार द्वारा प्रायोजित सभी योजनाओं को सहयोग देने की सलाह दी। उप मुख्यमंत्री श्री अजीत पवार, कृषि मंत्री श्री दादाजी भूसे, सहकारिता मंत्री श्री बालासाहेब पाटिल और कृषि तथा सहकारिता राज्य मंत्री, महाराष्ट्र राज्य डॉ. विश्वजीत कदम ने भी फोरम का मार्गदर्शन किया।

बैठक में श्री सीताराम कुंटे, मुख्य सचिव, महाराष्ट्र सरकार तथा महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य सचिवगण, प्रधान सचिवगण साथ ही सहकारिता, आयोजना, वित्त, राजस्व, कृषि विभागों के सचिवगण तथा आयुक्तगण भी उपस्थित थे। सुश्री वंदिता कौल, अतिरिक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, सदस्य बैंकों के वरिष्ठ अधिकारीगण और एलडीएम भी बैठक में उपस्थित थे।

बैठक के दौरान, यह बताया गया कि राज्य में बैंकों ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान रु.47,972 करोड़ के फसल ऋणों का संवितरण किया है, जो पिछले पांच वर्षों में अब तक का सबसे अधिक संवितरण है। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में वर्तमान खरीफ, 2021 मौसम के दौरान फसल ऋण संवितरण के अंतर्गत अधिक वित्तीयन जारी रखने पर जोर दिया और जून, 2021 के अंत तक खरीफ मौसम के लक्ष्य को प्राप्त करने की सलाह दी। महात्मा जोतिराव फुले शेतकरी कर्जमुक्ति योजना, 2019, पिछले बकाया का भुगतान कर चुके ऋण माफी लाभार्थियों, नियमित पुनर्भुगतान करने वाले किसानों के लिए कम ब्याज दर पर फसल ऋण की उपलब्धता, अनुकूल मानसून स्थिति आदि के कारण सदस्य बैंकों को कृषि क्षेत्र के अंतर्गत वित्तीयन बढ़ाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

बैठक के दौरान, माननीय श्री उद्धव ठाकरे, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र राज्य के कर-कमलों से रु.4,60,881 करोड़ की राज्य वार्षिक प्राथमिकता क्षेत्र ऋण योजना और रु.18,10,779 करोड़ की समग्र वार्षिक ऋण योजना का शुभारंभ किया गया।

श्री यू. आर. राव, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और एसएलबीसी संयोजक, महाराष्ट्र राज्य ने बैठक का संचालन किया।